>

Title: Issue regarding change in pattern of Union Public Services Commission Exam.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति जी, मैं आज बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन ने आईएएस के ऐग्ज़ाम का पेटर्न बीस साल बाद चेंज किया है। उस पेटर्न में उन्होंने यह किया है कि अंग्रेजी भाषा का पेपर अनिवार्य होगा और अंतिम मैरिट सूची में भी इसके नम्बर जोड़े जाएंगे।...(व्यवधान) भारतीय भाषाओं को चाहे मराठी, तमिल, पंजाबी, मलयालम या हिन्दी हो, हिन्दी को भी हटा दिया गया और कहा कि आपको अंग्रेजी भाषा का पेपर कम्पलसरी देना पड़ेगा।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Let him say.

...(*Interruptions*)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : यह राजभाषा का सीधा अपमान है। इससे ग्रामीण और कमजोर वर्गों के क्षेत्रों को नुकसान होगा। यह शहरी पृष्ठभूमि के अमीर वर्ग और विदेशी माहौल में पढ़े हुए छात्रों को बढ़ावा देने, इलीट क्लास को बढ़ावा देने का एक कुत्सित प्रयास है। यह आईएएस और आईपीएस सेवाओं की ब्रिटिश कालीन आईसीएस सेवा में तब्दील करने की एक साजिश है जो आईएएस और आईपीएस को आम जनमानस की पहुंच से बाहर बनाने का प्रयास है। यह आईएएस और आईपीएस को समाज की जड़ों से दूर कर देगा। अगर कोई आईएएस लोकल लैंग्वेज नहीं जानेगा, तमिल नहीं जानेगा, राजस्थानी नहीं जानेगा, हिन्दी नहीं जानेगा तो जनता का क्या काम करेगा।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि भारतीय भाषाओं का जो क्वालीफाइंग पेपर खत्म कर दिया गया है, उसे पुन: चालू किया जाए और अंग्रेजी के कम्पलसरी पेपर को हटाया जाए। इस पेटर्न को दुबारा चेंज किया जाए।...(व्यवधान) यह पूरे सदन की मांग है। इसे चेंज किया जाये।...(व्यवधान) तीन सौ नम्बर की इंटरव्यू और कर दिया गया है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, you may send the slips.

...(*Interruptions*)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : सरकार को जवाब भी देना चाहिए।...(व्यवधान) यह महत्वपूर्ण विषय है।...(व्यवधान) यह भारतीय भाषाओं के साथ अपमान है।...(व्यवधान) इसे कैसे कर दिया? ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You please address the Chair.

...(*Interruptions*)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : इसका रिप्लाई आना चाहिए। मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats. The hon. Minister is here. Already, he has taken note of it. Those hon. Members who are interested in associating with him may please send the slips.

...(*Interruptions*)

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.बलराम नायक): कल माननीय मंत्री जी आयेंगे, तो हम उन्हें बता देंगे। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN:

Shri Ravindra Kumar Pandey,

Shri Ajay Kumar,

Shri Ashok Kumar Rawat,

Prof. Saugata Roy,

Shri Ponnam Prabhakar,

Shri Chandrakant Khaire,

Shri Rajendra Agrawal,

Shri Ganesh Singh,

Shri Govind Prasad Mishra,

Shri Syed Shahnawaz Hussain,

Dr. Kirit Premjibhai Solanki are allowed to associate with Shri Arjun Ram Meghwal on the issue raised by him.